BA-1, Paper-2

TOPIC - स्वीस राजनीतिक प्रणाली

Date - 22.07.2020

Seema Kumari, Asst. Prof. (Pol. Sc.), RMC, VKSU.

स्वीटजरलैंड की राजनीतिक प्रणाली (Swiss Political System)

स्वी० पश्चिमी यूरोप का एक प्रसिद्ध संघ समृद्ध देश है। इसका क्षेत्रफल 41 हजार वर्ग कि.मी. के ऊपर है और जनसंख्या 85 लाख के करीब है। साक्षरता दर 99% है। इसकी अर्थव्यवस्था उच्च आय वर्ग में आती है। स्वीट्जरलैंड की राजनीतिक व्यवस्था उदार लोकतंत्रीय है और इसकी राजनीतिक संरचना संघात्मक है। इस देश का राजनीतिक नाम ही 'स्विस परिसंघ' (Swiss Confederation) है। राजनीति में मिली जुली सरकार की प्रधानता है। फिर भी स्थिर सरकार है। Neutral State तटस्थ देश के रूप में इसे अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त है। 2002 में स्विटजरलैंड को UNO के 190 वें सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया। 1971 में स्त्रियों को मतदान का अधिकार मिला।

स्विटजरलैंड अनेक राजनीतिक प्रभागों में बंटा है, जिन्हें कैंटन कहा जाता है। स्विस परिसंघ ऐसे 20 कैंटनों और 6 अर्द्ध कैंटनों का संघ है। स्वि० का संविधान 1874 से चला आ रहा है। संविधान के अनुसार संघीय सरकार को विशिष्ट शक्तियां प्रदान की गई और अवशिष्ट शक्तियां कैंटनों के पास। प्रत्येक कैंटन का अपना-अपना संविधान, विधान सभा और सरकारें हैं। कैंटनों पर निचले स्तर से 3000 से ज्यादा कम्यून हैं। इनकी जनसंख्या 20 से 3,50,000 तक है। कम्यून सभाओं और परिपृच्छा के माध्यम से वहाँ 'प्रत्यक्ष लोकतंत्र' को बढ़ावा दिया जाता है।

संघीय सभा (संघ के स्तर पर)

- राष्ट्रीय परिषद (निचला सदन) — 200 सदस्य
- राज्य परिषद या राज्य सभा (उपरी सदन) — 46 सदस्य

Scanned with CamScanner

स्विट्जरलैंड में संघीय सरकार की कार्यकारी शक्ति संघीय परिषद के हाथों में रहती है। इसमें 7 सदस्य होते हैं जिन्हें मंत्री कहा जाता है। 4 वर्ष के लिए चुने जाते हैं। इसका प्रत्येक सदस्य किसी एक संघीय विभाग का अध्यक्ष होता है। कन्वेंशन के अनुसार, संघीय परिषद के किसी सदस्य को लगातार दो बार अध्यक्ष नहीं चुना जा सकता। एक वर्ष के कार्यकाल में संघीय परिषद के अध्यक्ष को अपने 6 सहयोगियों के समकक्ष माना जाता है। उसे अतिरिक्त वेतन भत्ते तो मिलते हैं परंतु वह केवल सांकेतिक राज्याध्यक्ष की भूमिका निभाता है। उसकी कार्यकारी शक्तियां अपने सहयोगियों के समतुल्य होती हैं। इसी कारण से स्विस कार्यपालिका को बहुल कार्यपालिका माना जाता है। यह इसकी विलक्षण विशेषता है।

प्रत्यक्ष लोकतंत्र :-

स्विट्जरलैंड की राजनीतिक प्रणाली के अंतर्गत 'प्रत्यक्ष लोकतंत्र के सिद्धांत का सबसे विस्तृत प्रयोग देखने को मिलता है। मूलतः प्रत्यक्ष लोकतंत्र ऐसी व्यवस्था का संकेत देता है जिसमें किसी छोटे समुदाय के सारे नागरिक समय-समय पर स्वयं एकत्र होकर कानून बनाते हैं या सार्वजनिक निर्णय करते हैं। प्राचीन यूनान के कुछ नगरों में यह प्रचलित था। आधुनिक युग के बड़े-बड़े समुदायों में - जहां नागरिक का दर्जा भी राज्य के व्यस्क सदस्यों के लिए सुलभ है। - ~~यह~~ अतः लोकतंत्र के वर्तमान रूप के अंतर्गत किसी देश के नागरिक अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से ही अपने राजनीतिक अधिकारों का प्रयोग करते हैं। इस व्यवस्था को प्रतिनिधि लोकतंत्र कहा जाता है। स्विट्जरलैंड की प्रतिनिधि लोकतंत्र शासन में प्रत्यक्ष लोकतंत्र का पुट होने का विस्तृत प्रयत्न किया गया है। विश्व की अन्य लोकतंत्रीय प्रणालियों में जैसे लाइखटेंस्टाइन, USA के कुछ राज्यों, इटली और स्लोवाक गणराज्य भी ऐसे प्रयत्न हुए हैं, परंतु स्विट्जरलैंड ऐसे प्रयत्न के लिए विशेष रूप से विख्यात है।

Next notes

Scanned with CamScanner